*नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''*

# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## जंगल धूसड़- गोरखपुर

**फोन नं0 : 0551–6827552, 2105416**

मो. 9794299451

Website: www.mpm.edu.in

E-mail : mpmpg5@gmail.com

जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी

स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ..................

दिनांक : 29-08-2017

# प्रकाशनार्थ

सप्ताह में एक दिन कक्षाएं छात्र–छात्राएं पढ़ायेंगे। प्रोजेक्टर युक्त कक्षाओं की संख्या बढ़ेंगी। तीसरे तल पर एक्जास्ट फैन लगवायेंगें, छात्राओं के लिए अलग शुद्ध पेय जल एवं वाटर कूलर की व्यवस्था की जायेगी, पुस्तकालय में सभी विषयों की पर्याप्त पुस्तकें उपलब्ध करायी जायेगीं तथा क्रीड़ा सुविधाएं बढ़ायी जायेंगी। प्रतिदिन कक्षाओं में सारांश की छायाप्रति मिलती रहेगी। पाठ्यक्रम पूर्ण होंगे। बजट का 40 प्रतिशत अकादमिक कार्यों पर, 20 प्रतिशत सांस्कृतिक गतिविधियों पर तथा 20 प्रतिशत क्रीड़ा पर खर्च होगा। पुस्तकालय अद्यतन प्रकाशित पुस्तकों, शोध पत्र–पत्रिकाओं का विकसित केन्द्र होगा, प्रयोगशालाएँ अद्यतन तकनीकी सुविधाओं से लैस होगी। स्वैच्छिक श्रमदान में छात्रसंघ सहभागी होगा। ये वादे महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर के छात्रसंघ चुनाव के **योग्यता भाषण** में प्रत्याशियों ने किये। योग्यता भाषण में उपस्थित विद्यार्थियों की तालियों की गड़गड़ाहट से उत्साहित हो रहे सभी प्रत्याशियों ने अपने–अपने अन्दाज में अपनी बात रखी तथा अपने लिए समर्थन माँगा। योग्यता भाषण में **अध्यक्ष पद** के लिए राहुल गिरी, दीपक कुमार सिंह व आकाश चौबे ने **उपाध्यक्ष पद** के लिए अनिल कुमार चौहान, प्रियंका दूबे, सैफ खाँ, आशुतोष चौहान, प्रशांत कुमार तथा रिंकी चौहान ने **महामंत्री पद** के लिए राघवेन्द्र प्रताप सिंह तथा रवि प्रताप नागवंशी तथा **पुस्तकालय मंत्री पद** हेतु आशीष कुमार उपाध्याय तथा विवेक कुमार विश्वकर्मा ने अपने लिए मतदान करने की अपील की। संचालन चुनाव अधिकारी श्री नन्दन शर्मा ने किया।

इससे पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 प्रदीप कुमार राव तथा चुनाव अधिकारी श्री नन्दन शर्मा ने प्रातः 10:30 बजे से सभी प्रत्याशियों के सभी पर्चो की जॉच की। सभी पर्चे वैध पाये गये, तत्पश्चात् सभी प्रत्याशियों को अपराह्न 01:30 बजे योग्यता भाषण के लिए आमन्त्रित किया गया क्योकि महाविद्यालय में योग्यता भाषण ही प्रचार का एक मात्र माध्यम है। इस प्रकार **अध्यक्ष पद पर 3 उपाध्यक्ष पद पर 6 तथा महामंत्री पद पर 2 तथा पुस्तकालय मंत्री पद हेतु 2 प्रत्याशी** चुनाव मैदान में हैं। मतदान कल प्रातः 8:30 प्रारम्भ होगा। प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधि प्रातः 8:00 बजे तक कालेज परिसर में उपस्थित होंगें।

प्रकाश

**(श्री प्रकाश प्रियदर्शी)**
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी